सुन अब तो जगा दे मेरा भाग संवारे

सुन अब तो जगा दे मेरा भाग संवारे,
बाबा सोया है काहा तू अब जाग संवारे ॥
तेरे संग जीना तेरे संग मरना मेरी तुझसे ही लग रही लाग संवारे,

मेरी अखियो में तेरी तस्वीर है,
मेरा दिल तो तेरी जागीर है ॥
तेरे संग जीना तेरे संग मरना,
तेरे चरणों में रख दी है पाग संवारे,
सुन अब तो जगा दे मेरा भाग संवारे.........

मेरी कोई नही करता सुनाई रे,
तेरे सिवा कोई नही दे दिखाई रे ॥
तेरे संग जीना तेरे संग मरना,
मेरे लगे ना पावे कही धाग संवारे,
सुन अब तो जगा दे मेरा भाग संवारे........

एक तू ही तो सहारा है गरीब का,
पप्पू शर्मा है तेरे ही करीब का ॥
तेरे संग जीना तेरे संग मरना,
अब तेरे संग खेलु गा मैं और संवारे,
सुन अब तो जगा दे मेरा भाग संवारे........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3866/title/sun-ab-to-jgha-de-mere-bhag-sanware-baba-soya-hai-kaha-tu-ab-jaag-sanware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |